Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to construct an underpass (subway) at pillar No. 610/19A on railway line in Kaimur district, Bihar -laid.

श्री महाबली सिंह (काराकाट): पूर्व मध्य रेलवे मुगलसराय के अन्तर्गत बिहार के जिला कैमूर प्रखंड मोहलियाँ के गाँव भिट्टी के सामने पोल नं0 610/19ए के पास अन्डर पास (सबवे) नहीं होने के कारण क्षेत्र की जनता को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है ।

जनता को रेलवे लाइन के ऊपर से राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 2 पर जाने के लिए एकमात्र यही रास्ता है । क्षेत्र के लगभग 10 गांव की जनता इस मार्ग से आती जाती है, किसान कृषि कार्य, व्यवसाय एवं बच्चों को शिक्षा, नौकरी आदि कार्यों के लिए रेलवे पटरी से होकर गुजरना पड़ता है । किसानों की खेती रेलवे लाइन के पार है जिस कारण हमेशा जान माल का खतरा बना रहता है । क्षेत्र की जनता काफी लम्बे समय से सबवे अन्डर पास के निर्माण की मांग करती आ रही है । जनता के जान माल की सुरक्षा एवं परेशानियों को दृष्टिगत रखते हुए पोल नं0 610/19ए के पास अन्डर पास (सबवे) का निर्माण कराना नितांत आवश्यक है जिससे हजारों लोगों को इसका लाभ मिलेगा ।

मैं माननीय रेल मंत्री महोदय से आग्रह करना चाहता हूँ कि इस अति लोक कल्याण के मामले पर गंभीरता से विचार कर शीघ्रातिशीघ्र भिट्टी के सामने पोल नं0 610/19ए के पास अन्डर पास (सबवे) के निर्माण करने हेतु आदेश जारी करें ।